आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

सबके लिए योग थीम पर दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज प्रदेश समेत पूरे देश में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह कश्मीर के डल झील के किनारे लोगों के साथ योगाभ्यास किया। वहीं प्रदेश के सभी जिलों में सुबह छह बजे से ही आयोजित योग शिविरों में प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों ने आम जन के साथ योगाभ्यास के कार्यक्रमों में सहभागिता की। लखनऊ के राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने प्राणायाम, ध्यान और योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रसस्त करता है। उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर हम सभी अपनी विरासत का स्मरण करते हुए भारत की ऋषि परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदान किया है जिनके विजन और प्रयासों से आज दुनिया के लगभग पौने दो सौ देश अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि योग एक सम्पूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है इसलिए हम सभी को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

राजभवन में आयोजि योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद समेत कई अधिकारी और योग साधक भी शामिल हुए। प्रदेश के कई जिलों में मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों के साथ योग का अभ्यास किया। प्रयागराज में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, वाराणसी में ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा, संतकबीर नगर में राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, बस्ती में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में सहभागिता की। योग दिवस पर आजमगढ़ में केन्द्रीय संचार व्यूरों, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय की तरफ से सर्वदेव आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बलिया, जौनपुर, सिद्धार्थनगर जिलों में भी योग दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

प्रदेश सरकार धर्म नगरी अयोध्या और तीर्थराज प्रयाग में अतिथि गृहों का निर्माण करायेगी। आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों स्थानों पर बनने वाले अतिथि गृहों के ले आउट, सुविधाओं और साज–सज्जा के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश दुनिया से अनेक विशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है। इनके प्रवास के लिए सुरक्षा और सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ अतिथिगृह की आवश्यकता है। इसके लिए प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू कर दी जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सरयू नदी के किनारे पर्यटन विभाग की भूमि उपयुक्त होगी। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रयागराज में प्रस्तावित अतिथिगृह महर्षि दयानन्द मार्ग पर होगा।

****

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा है कि पूरे प्रदेश में मांग के अनुरूप विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। इस साल पूरे प्रदेश में बिजली की मांग दस प्रतिशत बढ़ी है। ऊर्जा मंत्री आज वाराणसी में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संमीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग का प्रयास अनवरत विद्युत आपूर्ति का है और इसमें किसी भी तरह की समस्या का निवारण तत्परता के साथ किया जा रहा है।

****

गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य के चलते गोरखपुर–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनें विभिन्न तिथियों में निरस्त रहेंगी जबकि आठ ट्रेनें मार्ग में रोक कर चलायी जायेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक गोरखपरु–वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस तेइस जून से सात जुलाई तक और वाराणसी सिटी–गोरखपुर एक्सप्रेस बाइस जून से छः जुलाई तक निरस्त रहेगी।

****

गर्मी को देखते हुए गोरखपुर चिड़ियाघर की समय सारणी में आज से बदलाव किया गया है। चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव के अनुसार अब चिड़ियाघर का टिकट काउनटर सुबह साढ़े आठ बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। इसके पहले टिकट काउंटर के खुलने का समय सुबह साढ़े नौ बजे था।

****

प्रदेश के कई जिलों में बुधवार की रात हल्की बारिश होने के चलते बीते कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से कल फौरी तौर पर राहत मिली थी लेकिन आज दिन में एक बार फिर लोगों को मौसम की तपिश झेलनी पड़ी। इस बीच मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज रात से कल शाम तक के बीच गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जबकि कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की आशंका है।

****